- ✗ D. स्वाधीनता पुरस्कार

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.68 इनमें से किसे जनवरी 2021 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तानसेन सम्मान 2020 से सम्मानित किया गया था?

Ans

✗ A. विद्याधर व्यास

✓ B. सतीश व्यास

✗ C. मंजू मेहता

✗ D. डालचंद शर्मा

Q.69 दिए गए प्रत्येक संख्या-समूह में, '=' (बराबर चिह्न) के दाईं ओर मौजूद संख्या, '=' (बराबर चिह्न) के बाईं ओर मौजूद दो संख्याओं पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। तीनों संख्या-समूहों में समान पैटर्न का पालन किया जाता है। दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो तीसरे संख्या-समूह में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

69, 87 = 39

93, 95 = 47

52, 64 = ?

Ans

✗ A. 37

✗ B. 53

✗ C. 45

✓ D. 29

Q.70 दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों - 1 और 2 में बैठे हैं। A, B, C, D और E पंक्ति 1 में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं, और V, W, X, Y और Z पंक्ति 2 में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, इस प्रकार पंक्ति 1 में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख, पंक्ति 2 में बैठे एक सदस्य की ओर है।
W पंक्ति के बाएं सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है। W का मुख A के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर है। B, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, और V की ओर मुख करके बैठे व्यक्ति के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। न तो C और न ही V किसी भी सिरे पर बैठे हैं। V का मुख D के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर है। E की ओर मुख करके बैठा व्यक्ति, X के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। Y और X के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Z का मुख किसकी ओर है?

Ans

✗ A. C

✓ B. A

✗ C. B

✗ D. D

Q.71 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

कुछ बैट बॉल हैं।

सभी बॉल कैप हैं।

सभी कैप खिलाड़ी हैं।

कोई खिलाड़ी हैट नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कोई बैट कैप नहीं है।

II. सभी कैप बॉल हैं।

III. कुछ हैट कैप हैं।

IV. कोई हैट बॉल नहीं है।

Ans

✓ A. केवल निष्कर्ष IV पालन करता है।

✗ B. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ D. निष्कर्ष I और III दोनों पालन करते हैं।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.72 पेंसिलों से भरे किसी बैग में, $\frac{3}{4}$ पेंसिलें रंगीन थीं और उनमें से $\frac{8}{15}$ रंगीन पेंसिलें लाल थीं। यदि बैग में 40 लाल पेंसिलें थीं, तो बैग में पेंसिलों की कुल संख्या कितनी थी?

Ans

✗ A. 180

✗ B. 150

✗ C. 120

✓ D. 100

Q.73 दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) उनके महत्तम समापवर्तक (HCF) के 28 गुने के बराबर है तथा उनके लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का अंतर 405 है। यदि संख्याओं का अनुपात 4 : 7 है, तो संख्याओं का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 45

✗ B. 42

✗ C. 52

✗ D. 49

Q.74 यदि किसी दिए गए वर्ष में 10 मई को सोमवार था, तो उसी वर्ष में 11 जुलाई को सप्ताह का कौन सा दिन होगा?

Ans

✗ A. मंगलवार

✓ B. रविवार

✗ C. गुरुवार

✗ D. सोमवार

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TEACHER' को 'CAHEETR' लिखा जाता है, और 'STUDENT' को 'DUETNST' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'SUCCESS' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. CECSUSS

✗ B. UCSECSS

✓ C. CCEUSSS

✗ D. SCUSCES

Q.76 जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?

Ans

✗ A. मोरमुगांव

✗ B. कांडला

✗ C. कोच्चि

✓ D. नवी मुंबई

Q.77 किसी चर के नियोजित मूल्य के विपरीत उसके वास्तविक या साधित मूल्य को _____ कहा जाता है।

Ans

✗ A. पूर्व वस्तु विनिमय (Ex barter)

✗ B. प्रत्याशित (Ex ante)

✓ C. यथार्थ (Ex post)

✗ D. पूर्व प्रवाह (Ex flow)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.78 सरल करें:

$$\sqrt[6]{4096} + \sqrt[4]{4096} + \sqrt[3]{4096} + \sqrt{4096}$$

Ans
- ✗ A. $\sqrt{2}$
- ✗ B. $\frac{\sqrt{2}}{2}$
- ✓ C. 92
- ✗ D. 90

Q.79 कमांडरों की एक पंक्ति में, एंड्री सम्मुख सिरे से 17वें स्थान पर है और बूक पिछले सिरे से 32वें स्थान पर है। यदि वे दोनों आपस में अपने स्थान बदल लेते हैं, तो एंड्री सम्मुख सिरे से 37वें स्थान पर आ जाता है। कमांडरों की कुल संख्या कितनी है?

Ans
- ✗ A. 69
- ✗ B. 67
- ✓ C. 68
- ✗ D. 70

Q.80 भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, _____ में प्रति 1000 पुरुषों पर 1084 महिलाओं का उच्चतम लिंगानुपात था।

Ans
- ✗ A. पंजाब
- ✓ B. केरल
- ✗ C. कर्नाटक
- ✗ D. तमिलनाडु

Q.81 _____ में लोकप्रिय मंदिर स्थापत्यकला शैली, नागर कहलाती है।

Ans
- ✗ A. पूर्वी भारत
- ✓ B. उत्तर भारत
- ✗ C. दक्षिण भारत
- ✗ D. पश्चिमी भारत

Q.82 7 cm लंबे धातु के एक बेलनाकार पाइप के बाह्य और आंतरिक वक्र पृष्ठों के क्षेत्रफलों का अंतर 110 cm^2 है। यदि पाइप के निर्माण में प्रयुक्त धातु 302.5 cm^3 है, तो पाइप की आंतरिक त्रिज्या ज्ञात कीजिए। $\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ मानिए}\right)$

Ans
- ✗ A. 1.8 cm
- ✗ B. 1.6 cm
- ✗ C. 2.2 cm
- ✓ D. 1.5 cm

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.83 एक प्रश्न और उसके बाद तीन कथन - I, II और III दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं?

प्रश्न:

माला की आयु कितनी है?

कथन:

I. रोहन, शीला और माला की आयु का योग 95 है।

II. रोहन की आयु, माला से कम है।

III. माला की आयु शीला से 10 वर्ष अधिक है।

Ans

✗ A. कथन I अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन II अकेले पर्याप्त नहीं है।

✗ B. कथन II अकेले पर्याप्त है, जबकि कथन III अकेले पर्याप्त नहीं है।

✓ C. कथन I, II और III एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।

✗ D. कथन I, II और III एक साथ पर्याप्त हैं।

Q.84 छह छात्रों - P, Q, R, S, T और U को उनकी पुस्तकों को एक बुकशेल्फ़ की छह अलग-अलग अलमारियों पर रखने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसमें एक के ऊपर एक केवल छह अलमारियां हैं। S की पुस्तकें सबसे ऊपर वाली अलमारी पर रखी गई हैं। P और U की पुस्तकें क्रमशः सबसे ऊपर से तीसरी और सबसे नीचे से तीसरी अलमारी पर रखी गई हैं। U और Q की पुस्तकों वाली अलमारियों के बीच वाली अलमारी में केवल R की पुस्तकें रखी गई हैं। छात्र T की पुस्तकें ऊपर से किस अलमारी पर रखी गई हैं?

Ans

✗ A. चौथी

✗ B. पहली

✗ C. तीसरी

✓ D. दूसरी

Q.85 द्रव में पूर्णतः या आंशिक रूप से डूबे हुए किसी पिंड पर ऊपर की ओर लगने वाला उत्प्लावन बल, पिंड द्वारा विस्थापित द्रव के भार के बराबर होता है। यह कथन _____ से संबंधित है।

Ans

✗ A. पास्कल के नियम

✗ B. बीयर लैम्बर्ट नियम

✓ C. आर्किमिडीज के सिद्धांत

✗ D. बर्नौली के सिद्धांत

Q.86 'प्राकृतिक तटबंध' _____ हैं।

Ans

✓ A. नदी के निक्षेपण स्थलरूप

✗ B. नदी के अपरदन स्थलरूप

✗ C. वायु के निक्षेपण स्थलरूप

✗ D. वायु के अपरदन स्थलरूप

Q.87 किसी सर्वेक्षण द्वारा इससे संबंधित आंकड़े एकत्र किए गए कि सर्वेक्षण में शामिल लोगों को कौन सा खेल पसंद था? इन आंकड़ों को एक पाई चार्ट द्वारा दर्शाया गया था और फुटबाल पसंद करने वाले लोगों को निरूपित करने वाले क्षेत्र का केंद्र कोण 54° था। सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से कितने प्रतिशत लोगों को फुटबाल पसंद था?

Ans

✗ A. 12.5%

✗ B. 10%

✗ C. 20%

✓ D. 15%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.88 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य के आदिवासी लोग सरहुल त्योहार मनाते हैं जिसमें स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए साल वृक्ष की पूजा की जाती है?

Ans

✗ A. मेघालय

✗ B. गुजरात

✓ C. झारखंड

✗ D. राजस्थान

Q.89 निम्नलिखित में से कौन सा स्थल भारत में तांबे की खानों के लिए प्रसिद्ध है?

Ans

✗ A. कुद्रेमुख

✗ B. रत्नागिरि

✗ C. कोलार

✓ D. खेतड़ी

Q.90 स्वतंत्रता के समय भारत में आम जनता के लिए निम्न में से कौन सी सेवा उपलब्ध नहीं थी?

Ans

✗ A. डाक सेवा

✓ B. कॉल सेंटर

✗ C. टेलीग्राफ सेवा

✗ D. रेलवे

Q.91 यदि A का 15% : B का 25% :: 8 : 11 है, तो A : B, _____ के बराबर है।

Ans

✓ A. 40 : 33

✗ B. 33 : 32

✗ C. 4 : 3

✗ D. 5 : 4

Q.92 मानव विकास सूचकांक (HDI) 2020 के अनुसार, भारत निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आता है?

Ans

✓ A. मध्यम मानव विकास

✗ B. उच्च मानव विकास

✗ C. अति उच्च मानव विकास

✗ D. निम्न मानव विकास

Q.93 5, 2, 7, 8, 1 और 4 की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 4.5

✗ B. 7.5

✗ C. 8

✗ D. 7

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.94 निम्नलिखित में से कौन सा बंदरगाह एशिया में स्थित नहीं है?

Ans

✗ A. ओसाका

✓ B. रॉटरडैम

✗ C. शंघाई

✗ D. सिंगापुर

Q.95 दो बेलनों का आयतन बराबर है, लेकिन दूसरे बेलन की आधार त्रिज्या, पहले बेलन की आधार त्रिज्या से 20% कम है। पहले बेलन की ऊंचाई की तुलना में दूसरे बेलन की ऊंचाई कितनी अधिक होनी चाहिए?

Ans

✗ A. 56.75%

✗ B. 55.75%

✗ C. 55.25%

✓ D. 56.25%

Q.96 एक समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल 140 cm^2 है और इसकी समांतर भुजाओं के बीच की लंबवत दूरी 7 cm है। यदि इसकी एक समांतर भुजा की लंबाई 28 cm है, तो दूसरी समांतर भुजा की लंबाई क्या होगी?

Ans

✓ A. 12 cm

✗ B. 14 cm

✗ C. 16 cm

✗ D. 10 cm

Q.97 जुलाई 2021 में, किस भारतीय-अमेरिकी खिलाड़ी ने विंबलडन जूनियर पुरुष का खिताब जीता था?

Ans

✓ A. समीर बनर्जी

✗ B. सिद्धांत बंथिया

✗ C. आदिल कल्याणपुर

✗ D. ध्रुव सुनिश

Q.98 यदि शब्द 'STADIUM' के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला में उनके क्रम के अनुसार पुनर्व्यवस्थित किया जाए, तो किस अक्षर की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans

✓ A. सभी अक्षरों की स्थिति परिवर्तित होगी।

✗ B. T

✗ C. D

✗ D. U

Q.99 2008 में भारत रत्न से सम्मानित पंडित भीमसेन जोशी ख्याल गायन के लिए प्रसिद्ध थे और _____ घराने से संबंधित थे।

Ans

✗ A. ग्वालियर

✓ B. किराना

✗ C. पटियाला

✗ D. आगरा

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.100 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 315 किससे संबंधित है?

Ans
✔ A. यूपीएससी (UPSC) और एसपीएससी (SPSC) की स्थापना
✘ B. एनटीए (NTA) की स्थापना
✘ C. एनटीए (NTA) और एसएससी (SSC) की स्थापना
✘ D. एसएससी (SSC) की स्थापना

Q.101 निम्न का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{2.91^2 - 1.09^2}{1.82}$$

Ans
✔ A. 4
✘ B. 3
✘ C. 5
✘ D. 2

Q.102 रोहन के पास 36 cm × 25 cm × 20 cm विमाओं वाला एक घनाकार बॉक्स था। उसने इसमें 4 cm लंबी भुजा वाले घनों की अधिकतम संभावित संख्या पैक की। बॉक्स में फिर भी कितनी जगह बचेगी?

Ans
✘ A. $780\ cm^3$
✘ B. $820\ cm^3$
✘ C. $680\ cm^3$
✔ D. $720\ cm^3$

Q.103 भगवान शिव को समर्पित कंदरिया महादेव मंदिर का निर्माण, _____ के शासक धंगदेव द्वारा लगभग 999 CE में कराया गया था।

Ans
✔ A. चंदेल राजवंश
✘ B. चालुक्य वंश
✘ C. राष्ट्रकूट राजवंश
✘ D. कलचुरी राजवंश

Q.104 अप्रैल 2021 में, मिसाइल हमलों के खिलाफ नौसेना के जहाजों की सुरक्षा के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा कौन सी टेक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) विकसित की गई थी?

Ans
✘ A. बैफल रेंज टेक्नोलॉजी (Baffle Range Technology)
✘ B. इमेजिंग इंफ्रा-रेड टेक्नोलॉजी (Imaging Infra-Red Technology)
✘ C. मैन-पोर्टेबल रडार टेक्नोलॉजी (Man-portable Radar Technology)
✔ D. एडवांस्ड चैफ टेक्नोलॉजी (Advanced Chaff Technology)

Q.105 यदि 450 का 18% = k का 30% है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 750
✔ B. 270
✘ C. 250
✘ D. 320

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.106 यदि किसी कूट भाषा में 'बावर्ची' को 'गिलास', 'गिलास' को 'कप', 'कप' को 'कूल' और 'कूल' को 'अमीर' लिखा जाता है, तो भोजन कौन बनाता है?

Ans

✗ A. रसोइया

✗ B. अमीर

✗ C. कप

✓ D. गिलास

Q.107 हिंदू पंचांग के अनुसार गुड़ी पड़वा, चैत्र मास की किस तिथि को मनाया जाता है?

Ans

✗ A. द्वितीय

✗ B. पंचम

✗ C. चतुर्थ

✓ D. प्रथम

Q.108 ₹ 22,100 की धनराशि को तिमिर और मोनाली के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया कि यदि दोनों अपने हिस्सों को 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर निवेशित करते हैं, तो 18 वर्ष बाद परिपक्वता पर मोनाली को देय धनराशि, 20 वर्ष बाद परिपक्वता पर तिमिर की देय धनराशि के समान होगी। प्रारंभिक धनराशि में मोनाली का हिस्सा कितना था?

Ans

✗ A. ₹ 12,150

✗ B. ₹ 12,050

✗ C. ₹ 12,180

✓ D. ₹ 12,100

Q.109 एक बल्लेबाज अपनी 12वीं पारी में 84 रन बनाता है, जिससे उसके प्रति पारी औसत स्कोर में 4 रन की वृद्धि हो जाती है। 12वीं पारी के बाद बल्लेबाज का प्रति पारी औसत स्कोर कितना है?

Ans

✗ A. 42

✗ B. 36

✓ C. 40

✗ D. 44

Q.110 एक निश्चित कूट भाषा में,

'Space Thee Bliss' को 'is jk th' लिखा जाता है,

'Bliss Youth Last' को 'th cu wn' लिखा जाता है,

'River Last God' को 'cu gd ap' लिखा जाता है,

'Bliss Thee Bad' को 'jk th if' लिखा जाता है।

उसी कूट भाषा में 'Bliss Thee Youth' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. th jk gd

✗ B. th cu wn

✗ C. jk cu wn

✓ D. th jk wn

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.111 32 वस्तुओं का विक्रय मूल्य 38 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है। प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 15.79%

✗ B. 19.25%

✗ C. 16.25%

✓ D. 18.75%

Q.112 महान वैष्णव संत और असम के समाजसुधारक, महापुरुष शंकरदेव द्वारा _____ में सत्रीया नृत्य स्वरूप प्रस्तुत किया गया था।

Ans

✓ A. 15^{th} शताब्दी A.D

✗ B. 11^{th} शताब्दी A.D

✗ C. 19^{th} शताब्दी A.D

✗ D. 17^{th} शताब्दी A.D

Q.113 एक सामान्य मनुष्य में कितने लिंग गुणसूत्र होते हैं?

Ans

✗ A. आठ

✗ B. चार

✗ C. एक

✓ D. दो

Q.114 भोपाल की शासिका शाहजहां बेगम का उत्तराधिकारी निम्नलिखित में से कौन था, जिसने सांची के प्राचीन स्थल के संरक्षण के लिए धन प्रदान किया था?

Ans

✗ A. चांद बीबी

✗ B. मरियम-उज-ज़मानी

✗ C. रजिया सुल्तान

✓ D. सुल्तान जहाँ बेगम

Q.115 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

1, 64, 343, 1000, ?, 4096

Ans

✗ A. 2245

✓ B. 2197

✗ C. 2098

✗ D. 3065

Q.116 किस पंचवर्षीय योजना में मुख्य नारे 'अधिक तीव्र और अधिक समावेशी वृद्धि की ओर' का प्रयोग किया गया था?

Ans

✓ A. 11 वीं

✗ B. 9 वीं

✗ C. 8 वीं

✗ D. 10 वीं

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.117 चार वर्ष पूर्व, मां की आयु उसकी पुत्री की आयु की 13 गुनी थी। दो वर्ष बाद, मां की आयु उसकी पुत्री की आयु की 4 गुनी होगी। कितने वर्ष बाद मां की आयु उसकी पुत्री की आयु की 3 गुनी हो जाएगी?

Ans

✔ A. 6

✘ B. 5

✘ C. 4

✘ D. 7

Q.118 यदि ₹ 2,000 की धनराशि को 30% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर तीन वर्ष की अवधि के लिए निवेशित किया जाता है, जिस पर ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है, तो परिपक्वता पर देय धनराशि कितनी होगी?

Ans

✘ A. ₹ 4,388

✔ B. ₹ 4,394

✘ C. ₹ 4,384

✘ D. ₹ 4,398

Q.119 भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्यों के लिए उच्च न्यायालयों से संबंधित है?

Ans

✘ A. 248

✔ B. 214

✘ C. 148

✘ D. 188

Q.120 निम्न तालिका 4 अलग - अलग गांवों (A, B, C और D) में व्यक्तियों की संख्या और उन गांवों में साक्षर और निरक्षर व्यक्तियों के अनुपात को दर्शाती है।

गांव	जनसंख्या	साक्षर : निरक्षर
A	1500	2 : 3
B	4000	11 : 9
C	3000	13 : 2
D	5500	4 : 1

सभी चार गांवों में कुल मिलाकर साक्षर व्यक्तियों का प्रतिशत कितना है?

Ans

✔ A. 70%

✘ B. 67%

✘ C. 65%

✘ D. 72%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०१/२०१९ - एन टी पी सी - CEN 01/2019 - NTPC

Test Date	15/06/2022
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	NTPC

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **NTPC**

Q.1 कुछ व्यक्ति एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। A, C के बाईं ओर छठवें स्थान पर बैठा है। D, A के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। H और A के बीच में ठीक दो व्यक्ति बैठे हैं। B, C के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। E, D और C दोनों के ठीक बगल में बैठा है। F, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, दाएं सिरे से आठवें स्थान पर बैठा है। G और F के बीच में ठीक छह व्यक्ति बैठे हैं। G किसी एक सिरे से तीसरे स्थान पर बैठा है। पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 14
- ✗ B. 22
- ✓ C. 20
- ✗ D. 8

Q.2 ब्याज की गणना एक निश्चित दर पर वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करने पर, ₹1,250 की धनराशि पर दो वर्ष में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ₹102 होता है। वार्षिक ब्याज की दर कितनी है?

Ans
- ✓ A. 4%
- ✗ B. 3.5%
- ✗ C. 4.08%
- ✗ D. 3.9%

Q.3 भारत में पहली बार "काम के बदले अनाज (Food for Work)" कार्यक्रम कब शुरू हुआ था?

Ans
- ✓ A. 1977
- ✗ B. 1975
- ✗ C. 1976
- ✗ D. 1978

Q.4 उत्तर की ओर मुख करके बैठे सभी छात्रों की एक पंक्ति में, अनिकेत का स्थान बाईं ओर से 12वां है और केवलिन का स्थान दाईं ओर से 18वां है। यदि उन दोनों के स्थान आपस में बदल दिए जाएं, तो केवलिन का स्थान दाएं से 14वां हो जाता है। पंक्ति में विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

Ans
- ✓ A. 25
- ✗ B. 27
- ✗ C. 26
- ✗ D. 31

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.5 यदि एक निश्चित कूट भाषा में, 'क्रिकेट' को 'तीरंदाज़ी' कहा जाता है, 'तीरंदाज़ी' को 'फुटबॉल' कहा जाता है, और 'फुटबॉल' को 'वॉलीबॉल' कहा जाता है, तो बल्ले से कौन सा खेल खेला जाता है?

Ans

✔ A. तीरंदाज़ी

✘ B. वॉलीबाल

✘ C. फ़ुटबॉल

✘ D. क्रिकेट

Q.6 पांच छात्र A, B, C, D और E अलग-अलग स्कूलों - K, L, M, N और O में पढ़ते हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। प्रत्येक छात्र को- हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी में से केवल एक विषय पसंद है। C, M में पढ़ता है। B को सामाजिक विज्ञान पसंद नहीं है। D को अंग्रेजी पसंद है और वह N में पढ़ता है। L के छात्र को गणित पसंद है। E को हिंदी पसंद है किंतु वह न तो O में पढ़ता है और न ही L में पढ़ता है। B, O में पढ़ता है।

निम्नलिखित में से कौन सा छात्र स्कूल L में पढ़ता है और उसे गणित पसंद है?

Ans

✘ A. D

✘ B. B

✔ C. A

✘ D. C

Q.7 दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं, या स्वतंत्र कारणों या किसी एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए, और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?

कथन:

I. अगले 2 महीनों के दौरान शहर में विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों में COVID पॉज़िटिव मामलों के प्रसार में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है।

II. सरकार ने घोषणा की है, कि जब तक COVID की स्थिति नियंत्रित नहीं हो जाती, तब तक सभी स्कूल बंद रहेंगे।

Ans

✘ A. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं

✘ B. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं

✔ C. कथन I कारण है, और कथन II इसका प्रभाव है

✘ D. कथन II कारण है, और कथन I इसका संभावित प्रभाव है

Q.8 कोई कार 45 km/h की चाल से एक निश्चित दूरी तय करती है, और उसी मार्ग का अनुसरण करते हुए 36 km/h की चाल से आरंभ बिंदु पर वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 35

✘ B. 42

✔ C. 40

✘ D. 38

Q.9 $3x^2yz$, $5xy^2z$, $12x^2y^2z^3$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. $180xyz$

✘ B. $180x^2y^2z^3$

✔ C. xyz

✘ D. $180x^5y^5z^5$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.10 एक निश्चित कूट भाषा में 'TONGUE' को 'EOUGNT' लिखा जाता है, और 'JEALOUS' को 'AEOUJLS' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'STOMACH' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. ACOHMST

✗ B. MOSTACH

✓ C. AOCHMST

✗ D. ACMOHST

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी घोड़े सुअर हैं।

सभी सुअर मछलियां हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी मछलियां सुअर हैं।

II. सभी घोड़े मछलियां हैं।

Ans

✗ A. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

✗ B. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✓ C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q.12 2020 में प्रकाशित अपनी पहली पुस्तक 'अ बर्निंग (A Burning)' के लिए किसे साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया?

Ans

✓ A. मेघा मजूमदार

✗ B. यशिका दत्त

✗ C. गंगा शर्मा

✗ D. बिपाशा बोरा

Q.13 किन दो देशों द्वारा पहले द्विपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास 'कोंकण शक्ति 2021' का आयोजन किया गया?

Ans

✗ A. भारत और मालदीव

✗ B. इंडोनेशिया और भारत

✓ C. भारत और यू.के.

✗ D. रूस और भारत

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.14 निम्न का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{0.4 \times 0.4 \times 0.4 + 0.05 \times 0.05 \times 0.05}{0.8 \times 0.8 \times 0.8 + 0.1 \times 0.1 \times 0.1}$$

Ans
✗ A. $\frac{1}{10}$
✗ B. $\frac{1}{4}$
✗ C. $\frac{1}{7}$
✓ D. $\frac{1}{8}$

Q.15 बिंदु A, बिंदु C के पश्चिम में 15 m पर स्थित है। बिंदु B, बिंदु C के उत्तर में 22 m पर स्थित है। बिंदु D, बिंदु B के पूर्व में 18 m पर स्थित है। बिंदु E, बिंदु D के दक्षिण में 11 m पर स्थित है। बिंदु X, बिंदु E के पश्चिम में 33 m पर स्थित है।
बिंदु A और बिंदु X के बीच की न्यूनतम दूरी कितनी है?

Ans
✗ A. 3 m
✓ B. 11 m
✗ C. 10 m
✗ D. 22 m

Q.16 समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शिक्षण एवं आर्थिक हितों का संवर्धन निम्न में से किसके अंतर्गत आता है?

Ans
✗ A. पांचवी अनुसूची
✗ B. मौलिक अधिकार
✗ C. मौलिक कर्तव्य
✓ D. राज्य के नीति निदेशक तत्व

Q.17 लौरिया नन्दनगढ़ स्तंभ _____ में स्थित है।

Ans
✗ A. पटना
✗ B. कुम्हार
✗ C. वाराणसी
✓ D. चंपारण

Q.18 k का वह मान ज्ञात कीजिए जिसे 7 अंकों वाली संख्या 51032kk में k के स्थान पर रखने से वह संख्या 12 से विभाज्य हो।

Ans
✗ A. 2
✓ B. 8
✗ C. 4
✗ D. 6

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.19 निम्न में से किस वैज्ञानिक को शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार 2021 प्रदान नहीं किया गया है?

Ans

✗ A. डॉ. अनीश घोष

✗ B. डॉ. बिनय कुमार सैकिया

✗ C. डॉ. अमित सिंह

✓ D. डॉ. धीरज कुमार

Q.20 एक निश्चित कूट भाषा में
'we can sing' को 'pd ns ca' लिखा जाता है,
'sing new songs' को 'io uv ca' लिखा जाता है,
'can join new' को 'km uv pd' लिखा जाता है।
(नोट: सभी कूट शब्द केवल दो अक्षर वाले कूटशब्द हैं)

दी गई कूट भाषा में 'we join' के लिए संभावित कूट शब्द क्या है?

Ans

✓ A. km ns

✗ B. ns pd

✗ C. uv km

✗ D. pd uv

Q.21 निम्न में से कौन सा नियम वर्णन करता है कि "जैसे-जैसे किसी चर कारक की अधिक से अधिक इकाइयां, निश्चित कारकों और प्रौद्योगिकी के साथ नियोजित की जाती हैं, वैसे-वैसे इसके सीमांत उत्पाद में धीरे-धीरे गिरावट आती है।"

Ans

✗ A. ह्रासमान सीमांत उपयोगिता नियम

✓ B. किसी कारक के ह्रासमान प्रतिफल का नियम

✗ C. तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमांत दर

✗ D. परिवर्ती अनुपात नियम

Q.22 अंग्रेजों ने औपचारिक रूप से वर्ष _____ में अवध राज्य पर कब्जा कर लिया था।

Ans

✗ A. 1801

✓ B. 1856

✗ C. 1805

✗ D. 1897

Q.23 _____ मणिपुर की विशेष मार्शल नृत्य शैली है, जिसमें कौशल, रचनात्मकता और स्फूर्ति का अनूठा प्रदर्शन शामिल होता है, और जिसमें कलाकार नकली लड़ाई अनुक्रम का अभिनय करते हैं।

Ans

✗ A. रंगमा

✗ B. चकयार कुथु

✓ C. थांग ता

✗ D. सिंघी छम

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.24 ₹500, ₹720 और ₹900 प्रति kg क्रय मूल्य वाली चाय की तीन किस्मों को 9 : 5 : 11 के अनुपात में मिश्रित किया गया है। यदि विक्रेता को 20% का लाभ प्राप्त करना है, तो मिश्रित चाय का प्रति kg विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए?

Ans
- ✗ A. ₹854
- ✓ B. ₹864
- ✗ C. ₹884
- ✗ D. ₹844

Q.25 उस सही निष्कर्ष का चयन करें, जो दिए गए व्यंजक से निकाला जा सकता है।

$F \leq E < C = V > A \geq Y > N$

Ans
- ✓ A. $N < V$
- ✗ B. $E > Y$
- ✗ C. $F = V$
- ✗ D. $V < Y$

Q.26 A, एक कार्य के 87.5% भाग को 35 दिन में पूरा कर सकता है जबकि B उसी कार्य के 65% भाग को 23.4 दिन में पूरा कर सकता है। यदि वे एकसाथ मिलकर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग 1 दिन में पूरा हो जाएगा?

Ans
- ✗ A. $\frac{1}{20}$
- ✓ B. $\frac{19}{360}$
- ✗ C. $\frac{1}{19}$
- ✗ D. $\frac{7}{120}$

Q.27 एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन की आधार त्रिज्या और ऊंचाई का योगफल 39 cm है। इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1716 cm^2 है। बेलन का आयतन (cm^3 में) कितना होगा? ($\pi=\frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 4620
- ✗ B. 4774
- ✗ C. 5082
- ✓ D. 4928

Q.28 छह व्यक्तियों - D, E, K, L, S और T में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। E केवल दो व्यक्तियों से लंबा है। T, E से लंबा है, किंतु D से छोटा है। न तो D और न ही K सबसे लंबा है। S, T से छोटा है, किंतु सबसे छोटा नहीं है।
उनमें से कितने व्यक्ति L से लंबे हैं?

Ans
- ✗ A. दो से अधिक
- ✓ B. शून्य
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.29 'बर्फ भक्षक (snow eater)' के रूप में जानी जाने वाली चिनूक हवा निम्न में से किस महाद्वीप में बहती है?

Ans
- ✓ A. उत्तरी अमेरिका
- ✗ B. अफ्रीका
- ✗ C. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ D. एशिया

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.30 राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव 2021 का आयोजन किस शहर में किया गया था?

Ans

✗ A. गुवाहाटी

✗ B. भुवनेश्वर

✓ C. रायपुर

✗ D. कोलकाता

Q.31 निम्न व्यंजक को सरल कीजिए।

$$\frac{4^{524}-4^{522}+30}{4^{522}+2}$$

Ans

✗ A. $\frac{15}{4}$

✗ B. $\frac{25}{4}$

✓ C. 15

✗ D. 30

Q.32 IPv4 एड्रेस चार भागों से मिलकर बनी संख्याओं की एक स्ट्रिंग है, जहां प्रत्येक भाग _____ और _____ के बीच की एक संख्या होती है।

Ans

✗ A. 1, 255

✓ B. 0, 255

✗ C. 0, 256

✗ D. 1, 256

Q.33 एक पाइप किसी खाली टंकी को 12.5 घंटे में भर सकता है। टंकी के तली में रिसाव था, जिससे पूरी भरी हुई टंकी 17.5 घंटे में खाली हो सकती है। टंकी को भरने के लिए पाइप को खोलने के 14 घंटे बाद रिसाव को बंद किया जा सका। टंकी को भरने में लगने वाला कुल समय (घंटे में) कितना था?

Ans

✓ A. 22.5

✗ B. 20.5

✗ C. 27

✗ D. 25

Q.34 निम्न में से किस राज्य में वर्षा का अधिकतम भाग, सामान्यतः उत्तर-पूर्वी मानसूनी वर्षा से प्राप्त होता है?

Ans

✓ A. तमिलनाडु

✗ B. उत्तर प्रदेश

✗ C. गुजरात

✗ D. पंजाब

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.35 निम्नलिखित में से किसने 1947 में भारत की स्वतंत्रता के अवसर पर लाल किले पर शहनाई वादन किया था?

Ans

✔ A. बिस्मिल्ला खां

✘ B. वसंत देसाई

✘ C. अनंत लाल

✘ D. अली अहमद हुसैन खान

Q.36 यदि वर्ष 2005 में राहुल का जन्मदिन बुधवार को था, तो उसके अगले जन्मदिन पर सप्ताह का कौन सा दिन रहा होगा?

Ans

✔ A. गुरुवार

✘ B. शनिवार

✘ C. शुक्रवार

✘ D. मंगलवार

Q.37 रेचल, 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ₹10,000 उधार लेती है। वह 1 वर्ष बाद ₹3,000 का, 2 वर्ष बाद ₹2,800 का और 3 वर्ष बाद शेष धनराशि का भुगतान कर देती है। यदि ब्याज ह्रासमान शेष (reducing balance) पर प्रभारित किया गया था, तो रेचल ने अंतिम किश्त के रूप में कितनी धनराशि का भुगतान किया?

Ans

✘ A. ₹4,620

✘ B. ₹5,850

✔ C. ₹6,600

✘ D. ₹7,200

Q.38 गुणाढ्य का/की _____ पैशाची भाषा में लिखित है।

Ans

✘ A. कथासरित्सागर

✘ B. मृच्छकटिक

✘ C. पंचतंत्र

✔ D. बृहत्कथा

Q.39 किसी घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का अनुपात 60: 24: 7 है और इसके चार आभ्यांतर विकर्णों (space diagonals) में से प्रत्येक की लंबाई 130 cm है। घनाभ का आयतन (cm^3 में) कितना होगा?

Ans

✔ A. 80640

✘ B. 84600

✘ C. 86400

✘ D. 80460

Q.40 भारतीय संविधान में प्रदत्त न्यायपालिका की स्वतंत्रता और न्यायिक समीक्षा (पुनरावलोकन) _____ से अंगीकृत किए गए हैं।

Ans

✘ A. ब्रिटिश संविधान

✔ B. अमेरिकी संविधान

✘ C. वीमर संविधान

✘ D. कनाडाई संविधान

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.41 8% लाभ और 13% हानि पर किसी वस्तु के विक्रय मूल्यों का अंतर ₹115.50 था। वस्तु का क्रय मूल्य कितना था?

Ans

✗ A. ₹540

✗ B. ₹580

✗ C. ₹560

✓ D. ₹550

Q.42 If '<' का अर्थ '−' है, '>' का अर्थ '+' है, '&' का अर्थ '×' है, और '@' का अर्थ '÷' है, तो दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

119 < 56 @ 4 > 23 & 2

Ans

✗ A. 191

✓ B. 151

✗ C. 231

✗ D. 202

Q.43 A के 15% और B के 35% के गुणनफल को C के 21% से विभाजित करने पर उत्तर के रूप में 37 प्राप्त होता है। यदि A और B के गुणनफल को C से विभाजित किया जाए, तो उत्तर कितना होगा?

Ans

✗ A. 74

✗ B. 185

✗ C. 111

✓ D. 148

Q.44 दिया गया प्रश्न अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों की निम्नलिखित शृंखला पर आधारित है।
(बाएं) G 6 Y $ V R 7 % @ S 5 4 D W L + 2 M 9 £ (दाएं)
कौन सा घटक बाएं से तेरहवें घटक के बाईं ओर पांचवें स्थान पर है?

Ans

✗ A. S

✗ B. @

✗ C. R

✓ D. %

Q.45 दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों - 1 और 2 में बैठे हैं। A, B, C, D और E पंक्ति 1 में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, और V, W, X, Y और Z पंक्ति 2 में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं, इस प्रकार पंक्ति 1 में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख, पंक्ति 2 में बैठे एक सदस्य की ओर है।
A पंक्ति के बाएं सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है। V, A के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर मुख करके बैठा है। W, V के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। W की ओर मुख करके बैठा व्यक्ति B के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। E, B के दाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है। Z, E के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर मुख करके बैठा है। न तो X और न ही D पंक्ति के किसी भी सिरे पर बैठे हैं।
इनमें से कौन D की ओर मुख करके बैठा है?

Ans

✗ A. V

✗ B. Z

✓ C. W

✗ D. X

Q.46 केंद्रीय बजट 2022-23 के अनुसार, निम्न में से कौन सा "पीएम गति शक्ति" के अंतर्गत आर्थिक विकास के सात इंजनों में से एक नहीं है?

Ans

✗ A. बंदरगाह

✗ B. रेलवे

✓ C. संचार

✗ D. सड़क

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.47 पाटलिपुत्र में स्थानांतरित होने से पहले निम्न में से कौन-सा कई वर्षों तक मगध की राजधानी थी?

Ans

✗ A. गया

✓ B. राजगृह

✗ C. नालंदा

✗ D. पटना

Q.48 महात्मा गांधी ने रॉलेट सत्याग्रह किस वर्ष शुरू किया था?

Ans

✓ A. 1919

✗ B. 1920

✗ C. 1935

✗ D. 1923

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CHERRY' को '6-16-10-36-36-50' लिखा जाता है, और 'GRAPES' को '14-36-2-32-10-38' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'LITCHI' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. 24-16-40-6-18-16

✗ B. 26-18-38-6-16-18

✗ C. 26-18-40-6-16-18

✓ D. 24-18-40-6-16-18

Q.50 एक पर्यटक समूह अपनी यात्रा के दौरान एक ही सप्ताह (सोमवार से शुरू होकर शनिवार को समाप्त) के अलग-अलग दिनों पर छह स्थानों - A, B, C, D, E और F का भ्रमण करने की योजना बना रहा है। उन्होंने सोमवार को स्थान D का भ्रमण किया। उन्होंने स्थान B और स्थान D का भ्रमण करने के बीच केवल एक स्थान का भ्रमण किया। उन्होंने स्थान C का भ्रमण करने के ठीक अगले दिन स्थान F का भ्रमण किया। उन्होंने गुरुवार को न तो स्थान C का और न ही स्थान A का भ्रमण किया। उन्होंने किस दिन स्थान E का भ्रमण किया?

Ans

✗ A. शनिवार

✗ B. मंगलवार

✗ C. शुक्रवार

✓ D. गुरुवार

Q.51 भारत के संविधान के अनुसार, राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?

Ans

✗ A. राष्ट्रपति

✗ B. राज्यपाल

✓ C. उपराष्ट्रपति

✗ D. प्रधानमंत्री

Q.52 _____ तब होता है, जब सरकार के कर लगाने, खर्च करने या उधार लेने के निर्णय का अर्थव्यवस्था पर कोई शुद्ध प्रभाव नहीं पड़ता है, या इसके लिए अभिप्रेत नहीं होता है।

Ans

✗ A. राजकोषीय व्यय (Fiscal expenditure)

✗ B. राजकोषीय लाभ (Fiscal profit)

✓ C. राजकोषीय तटस्थता (Fiscal neutrality)

✗ D. राजकोषीय घाटा (Fiscal deficit)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.53 संख्या A, संख्या B की आठ गुनी है। संख्या B, संख्या A से कितने प्रतिशत कम है?

Ans

✗ A. 80%

✗ B. 12.5%

✓ C. 87.5%

✗ D. 20%

Q.54 निम्न में से कौन सी रासायनिक अभिक्रिया एक संयोजन अभिक्रिया (combination reaction) है? (यहां A, B, C और D किसी भी तत्व/अणु को निरूपित करते हैं)

Ans

✗ A. $AB+C \rightarrow AC+B$

✗ B. $AB+CD \rightarrow AD+BC$

✗ C. $AB \rightarrow A+B$

✓ D. $A+B \rightarrow AB$

Q.55 निम्न में से कौन सा द्विदिशीय डेटा संचरण (bidirectional data transmission) को सपोर्ट नहीं करता है?

Ans

✗ A. फुल-डुप्लेक्स (Full-duplex)

✗ B. हाफ-डुप्लेक्स (Half-duplex)

✗ C. हाफ-डुप्लेक्स (Half-duplex) और फुल-डुप्लेक्स (Full-duplex), दोनों

✓ D. सिम्पलेक्स (Simplex)

Q.56 भारत में हरित क्रांति ने विशेष रूप से _____ में कृषि उत्पादन में वृद्धि का नेतृत्व किया था।

Ans

✓ A. हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश

✗ B. राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात

✗ C. छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा

✗ D. झारखंड, पंजाब और उत्तराखंड

Q.57 53 से शुरू होने वाले चार संख्याओं के एक समुच्चय को सबसे छोटे से सबसे बड़े के क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। यदि इस समुच्चय की माध्यिका 56 है, तो निम्न में से कौन सा संभवतः यह समुच्चय होगा?

Ans

✗ A. 53, 57, 61, 65

✗ B. 53, 56, 59, 62

✗ C. 53, 53, 57, 59

✓ D. 53, 55, 57, 58

Q.58 साधारण ब्याज पर, एक निश्चित धनराशि, एक निश्चित वार्षिक ब्याज दर पर 5 वर्ष में स्वयं की 160% हो जाती है। समान ब्याज दर पर समान धनराशि कितने वर्ष में स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

Ans

✗ A. 7

✗ B. 10

✗ C. $9\frac{1}{2}$

✓ D. $8\frac{1}{3}$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.59 यदि किसी वृत्त का व्यास 16 m है, तो वृत्त का क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans

✗ A. $256\pi\ m^2$

✗ B. $128\ \pi\ m^2$

✗ C. $96\ \pi\ m^2$

✓ D. $64\pi\ m^2$

Q.60 जियोर्जियो पेरिसी को किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया है?

Ans

✗ A. अर्थशास्त्र

✗ B. रसायनशास्त्र

✓ C. भौतिकी

✗ D. चिकित्सा

Q.61 दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों - 1 और 2 में बैठे हैं। A, B, C, D और E पंक्ति 1 में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं, और V, W, X, Y और Z पंक्ति 2 में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, इस प्रकार पंक्ति 1 में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख, पंक्ति 2 में बैठे एक सदस्य की ओर है।
W पंक्ति के बाएं सिरे पर बैठा है। W, B के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर मुख करके बैठा है। C, B के बाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है, किंतु पंक्ति के किसी भी सिरे पर नहीं बैठा है। C की ओर मुख करके बैठा व्यक्ति, Y के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। D, A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, X के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। इनमें से कौन Z की ओर मुख करके बैठा है?

Ans

✗ A. B

✗ B. D

✓ C. E

✗ D. A

Q.62 किस संस्थान ने ब्लॉक चेन-संचालित तकनीक प्रयुक्त करके डिजिटल प्रमाणपत्र विकसित किए हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री द्वारा पी.एम.आर.बी.पी. (PMRBP) 2021 और 2022 के 61 विजेताओं को दिया जाना था?

Ans

✓ A. आई.आई.टी. (IIT) कानपुर

✗ B. आई.आई.टी. (IIT) मद्रास

✗ C. आई.आई.टी. (IIT) बांबे

✗ D. आई.आई.टी. (IIT) खड़गपुर

Q.63 किसी ऊर्ध्वाधर मीनार के शीर्ष पर मौजूद एक व्यक्ति, एकसमान चाल से चलती हुई कार को सीधे अपनी ओर आते हुए देखता है। यदि अवनमन कोण को 45° से बदलकर 60° होने में 10 मिनट का समय लगता है, तो कार कितने समय में मीनार तक पहुंचेगी?

Ans

✓ A. $(15+5\sqrt{3})$ मिनट

✗ B. $(3+5\sqrt{3})$ मिनट

✗ C. $(15+8\sqrt{3})$ मिनट

✗ D. $(15+3\sqrt{3})$ मिनट

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.64 चर x के पूर्णांक मान $0 \le x \le 4$ है। यदि बारंबारता $f(x) = 1 + x + x(x-1) + \frac{1}{2}x(x-1)(x-2) - \frac{1}{3}x(x-1)(x-2)(x-3)$ दी गई है, तो x का बहुलक कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✗ C. 1
- ✓ D. 4

Q.65 अपनी सामान्य चाल की $\frac{7}{8}$ चाल से चलते हुए, अंश 35 km की दूरी 50 मिनट में तय करता है। अंश की सामान्य चाल km/h में ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 48
- ✗ B. 60
- ✗ C. 64
- ✗ D. 54

Q.66 भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राष्ट्रपति के सदनों में अभिभाषण के और उन्हें संदेश भेजने के अधिकार से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 84
- ✓ B. अनुच्छेद 86
- ✗ C. अनुच्छेद 88
- ✗ D. अनुच्छेद 90

Q.67 श्रीलंका, भारत से _____ द्वारा निर्मित संकीर्ण समुद्री जलमार्ग (channel) द्वारा पृथक्कृत है।

Ans
- ✗ A. केवल मन्नार की खाड़ी
- ✓ B. पाक जलडमरूमध्य और मन्नार की खाड़ी
- ✗ C. मलक्का जलडमरूमध्य
- ✗ D. केवल पाक जलडमरूमध्य

Q.68 निम्न में से कौन सा धातु समूह इतना मृदु होता है, कि इन्हें चाकू से काटा जा सकता है और इनका घनत्व कम और गलनांक निम्न होता है?

Ans
- ✓ A. लीथियम, सोडियम, पोटैशियम
- ✗ B. जर्मेनियम, गैलियम, इंडियम
- ✗ C. बेरिलियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम
- ✗ D. आर्सेनिक, एंटीमनी, बिस्मथ

Q.69 यदि $\sec\theta - \tan\theta = 2.5$ है, तो $\sec\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1.30
- ✓ B. 1.45
- ✗ C. 1.60
- ✗ D. 1.70

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.70 7 m ऊंचाई वाले किसी पेड़ के शीर्ष से, किसी मीनार का उन्नयन कोण 30° है। यदि मीनार की ऊंचाई 47 m है, तो मीनार से पेड़ कितनी दूर स्थित है?

Ans

✗ A. 40 m

✗ B. $15\sqrt{3}$ m

✓ C. $40\sqrt{3}$ m

✗ D. $45\sqrt{3}$ m

Q.71 किसी गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 38.5 cm^2 है। गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। [मान लीजिए - $\pi = \frac{22}{7}$]

Ans

✗ A. 1.5 cm

✓ B. 1.75 cm

✗ C. 1.4 cm

✗ D. 1.8 cm

Q.72 निम्न में से कौन सा त्योहार माजुली नदी द्वीप में नहीं मनाया जाता है?

Ans

✗ A. फल्गुत्सव (Falgutsav)

✓ B. रज पर्व (Raja Parba)

✗ C. बिहू (Bihu)

✗ D. अली-ऐ-लिगांग (Ali-Aye-Ligang)

Q.73 निम्न में से कौन सी भारत में हरित क्रांति की विशेषता है?

Ans

✗ A. सेब की मात्रा के उत्पादन में काफी वृद्धि।

✓ B. कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का अधिक एवं उचित उपयोग।

✗ C. कुक्कुट-पालन (poultry) उत्पादों की नियमित एवं सुनिश्चित आपूर्ति।

✗ D. ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यों से गुणवत्तापूर्ण दूध का संग्रहण।

Q.74 वाद्य साजों के रूप में तानपुरा और पखावज के साथ पुरुषों द्वारा पारंपरिक रूप से किस गायन शैली का प्रदर्शन किया जाता है?

Ans

✗ A. ग़ज़ल

✓ B. ध्रुपद

✗ C. ठुमरी

✗ D. तराना

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.75 एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन - I और II दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं?

प्रश्न:

कारखाने में कितने श्रमिक हैं?

कथन:

I. कारखाने में 30 से अधिक, किंतु 37 से कम श्रमिक हैं।

II. कारखाने में 34 से अधिक, किंतु 41 से कम श्रमिक हैं। कारखाने में श्रमिकों की संख्या को इस प्रकार दो समूहों में विभाजित किया जा सकता है कि प्रत्येक समूह में श्रमिकों की संख्या समान हो।

Ans

✗ A. कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

✗ B. कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

✓ C. कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

✗ D. कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Q.76 अंडमान और निकोबार द्वीप समूह निम्नलिखित में से किस भूकंपी क्षेत्र के अंतर्गत आता है?

Ans

✗ A. क्षेत्र II

✗ B. क्षेत्र IV

✗ C. क्षेत्र III

✓ D. क्षेत्र V

Q.77 भारतीय रेलवे ने जम्मू और कश्मीर में _____ नदी पर विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे-आर्क ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया है।

Ans

✓ A. चिनाब

✗ B. रावी

✗ C. झेलम

✗ D. सिंधु

Q.78 सरल करें:

$$18 + 48 \div 12 \times (32 \div 4)^2 - 8$$

Ans

✓ A. 266

✗ B. 242

✗ C. 344

✗ D. 308

Q.79 एक परिवार में सात सदस्य हैं। D, F की मां है। D, G के पिता की मां है। G, A और C का भाई है। F, E का इकलौता पुत्र है। E का C से क्या संबंध है?

Ans

✗ A. मामा/मां का भाई

✗ B. पिता

✗ C. भाई

✓ D. दादा/पिता के पिता

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.80 चकमा शरणार्थी निम्न में से किस पड़ोसी देश से भारत में आने वाले प्रवासी हैं?

Ans

✗ A. नेपाल

✗ B. म्यांमार

✗ C. चीन

✓ D. बांग्लादेश

Q.81 निम्न व्यंजक को सरल कीजिए।

$$0.\overline{12} - 0.\overline{6} + 0.\overline{3}$$

Ans

✓ A. $-\frac{7}{33}$

✗ B. $\frac{9}{100}$

✗ C. $-\frac{5}{11}$

✗ D. $\frac{37}{33}$

Q.82 _____का/की कर्तव्य/भूमिका राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में नगर पालिकाओं के संसाधनों के पूरक के लिए राज्य की संचित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपायों के बारे में राष्ट्रपति को सिफारिश करना है।

Ans

✗ A. नीति (NITI) आयोग

✓ B. वित्त आयोग

✗ C. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

✗ D. वित्त मंत्रालय

Q.83 कार्बन का निम्न में से कौन सा अपरूप ज्ञात सबसे कठोर प्राकृतिक पदार्थ है जिसका गलनांक और क्वथनांक बहुत अधिक होता है?

Ans

✓ A. हीरा

✗ B. शुष्क बर्फ

✗ C. ग्रेफाइट

✗ D. फुलरीन

Q.84 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

0, 7, 26, 63, ?, 215

Ans

✗ A. 80

✗ B. 74

✓ C. 124

✗ D. 216

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.85 फरवरी 2022 में, भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (NCOE)योजना के अंतर्गत निम्न में से किस SAI क्षेत्रीय केंद्र में पैरा केंद्र स्थापित किया है?

Ans

✗ A. लखनऊ

✗ B. मुंबई

✗ C. भोपाल

✓ D. गांधीनगर

Q.86 12 cm त्रिज्या और केंद्र O वाले वृत्त में एक समबाहु त्रिभुज ABC अंतर्निहित है। त्रिभुज ABC की प्रत्येक भुजा की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. $12\sqrt{3}$

✗ B. $10\sqrt{5}$

✗ C. $10\sqrt{3}$

✗ D. $14\sqrt{3}$

Q.87 "द जनरल थ्योरी ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट, इंटरेस्ट एंड मनी (1936) [The General Theory of Employment, Interest and Money (1936)]" नामक पुस्तक किस अर्थशास्त्री द्वारा लिखित है?

Ans

✗ A. एडम स्मिथ (Adam Smith)

✗ B. विन्सेंट क्रॉफर्ड (Vincent Crawford)

✓ C. जॉन मेनार्ड कीन्स (John Maynard Keynes)

✗ D. मिल्टन फ्रीडमैन (Milton Friedman)

Q.88 जय, पिया, इरा, राम और शुभ एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। जय, शुभ के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। शुभ, इरा के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। पिया एकदम दाएं सिरे पर बैठी है। राम, शुभ के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। इनमें से कौन एकदम बाएं सिरे पर बैठा है?

Ans

✗ A. शुभ

✗ B. इरा

✓ C. जय

✗ D. राम

Q.89 यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल होने वाला 40वां भारतीय स्थल किस राज्य में स्थित है?

Ans

✗ A. बिहार

✓ B. गुजरात

✗ C. उत्तर प्रदेश

✗ D. पश्चिम बंगाल

Q.90 निम्न में से कौन सा जॉर्जेस कुवियर (1828) द्वारा अभिज्ञात तीन विशिष्ट मानव जातियों/नस्लों (races) में से नहीं है?

Ans

✗ A. मंगोलकल्प (Mongoloid)

✓ B. लैपलैंडरियोड (Laplanderiod)

✗ C. नीग्रॉयड (Negroid)

✗ D. काकेशियाई (Caucasoid)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.91 दो घनों की प्रत्येक भुजा की लंबाई 8 cm है, इन दोनों घनों को जोड़कर एक घनाभ बनाया जाता है। घनाभ का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans

✗ A. $704\ cm^2$

✓ B. $640\ cm^2$

✗ C. $768\ cm^2$

✗ D. $576\ cm^2$

Q.92 70 के 45% और 110 के 35% का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 34.5

✓ B. 35

✗ C. 35.5

✗ D. 37.5

Q.93 यदि

'P + Q' का अर्थ है - 'P, Q का पिता है',

'P - Q' का अर्थ है - 'P, Q की मां है',

'P / Q' का अर्थ है - 'P, Q की बहन है',

'P ∪ Q' का अर्थ है - 'P, Q का पुत्र है',

'P ∩ Q' का अर्थ है - 'P, Q की पुत्री है',

तो निम्न में से किसका अर्थ है - 'A, E की पुत्री का पुत्र है'?

Ans

✗ A. A / B ∪ C ∪ D / E

✓ B. A ∪ B / C / D ∪ E

✗ C. A / B + C - D U E

✗ D. A ∩ B ∩ C / D + E

Q.94 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षरांकिक-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षरांकिक-समूह का पहले अक्षरांकिक-समूह से है और चौथे अक्षरांकिक-समूह का तीसरे अक्षरांकिक-समूह से है।

NT14 : QW7 :: CR24 : FU12 :: PV36 : ?

Ans

✗ A. TZ17

✗ B. TY8

✓ C. SY18

✗ D. ST13

Q.95 द्विपद नामपद्धति को किसने प्रस्तुत किया था?

Ans

✓ A. कैरोलस लीनियस (Carolus Linnaeus)

✗ B. जॉन डाल्टन (John Dalton)

✗ C. दमित्री मेंडलीफ (Dmitri Mendeleev)

✗ D. क्लाउड लुई बर्थोले (Claude Louis Berthollet)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.96 निम्न में से कौन सा प्रतीक गर्म और शुष्क रेगिस्तानी क्षेत्र से ऊपर वायु संहति (air mass) का सही निरूपण करता है?

Ans

✗ A. cP

✗ B. cA

✓ C. cT

✗ D. mP

Q.97 कुछ विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, P बाएं सिरे से 17वें स्थान पर है और दाएं सिरे से 23वें स्थान पर है। यदि Q पंक्ति के ठीक मध्य में खड़ा था, तो बाएं सिरे से उसका स्थान कौन सा था? मान लीजिए कि विद्यार्थियों का मुख उत्तर की ओर है।

Ans

✗ A. 19वां

✓ B. 20वां

✗ C. 22वां

✗ D. 18वां

Q.98 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी डस्टर बॉल हैं।

सभी कप बॉल हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी बॉल कप हैं।

II. कोई डस्टर कप नहीं है।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ B. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

✗ C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✓ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q.99 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

ADF, GJL, MPR, ?, YBD

Ans

✗ A. STU

✓ B. SVX

✗ C. SVY

✗ D. SXA

Q.100 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

CBDD, EBBD, ?, IBXD, KBVD

Ans

✗ A. HCYE

✓ B. GBZD

✗ C. GCZD

✗ D. GCZF

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

